

आकलन का एक मौका

भारतीय टीम के साथ नामीबिया ने इस वर्ल्ड कप में अपना आखिरी मैच खेला। दोनों टीमों के पास अपने को आंकने का एक और मौका मिला था। खासकर भारतीय टीम को वर्ल्ड कप खत्म होने के तुरंत बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेलनी है। ऐसे में इस मुकाबले के जरिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन भी करीबी नजर रखी जाएगी। सबसे ज्यादा निगाहें हार्दिक पंड्या पर होंगी।

## टी-20 में खत्म हो गया विराट युग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) दुबई। इस वर्ल्ड कप का आखिरी लीग मैच भारत ने नामीबिया के खिलाफ खेला। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में हुआ यह मैच महज औपचारिकता वाला था लेकिन भारतीय टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने की निराशा से उबरकर बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी। मगर यह मैच विराट कोहली के लिए बेहद खास था। बतौर टी-20 कप्तान उन्होंने अपना अंतिम मैच खेला। इस टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले ही टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने ऐलान कर दिया था कि वह टी-20 फॉर्मेट में टीम की कमान नहीं संभालेंगे। खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय टीम टूर्नामेंट में औंधे मुंह गिर गई। ऐसे में कोहली से टी-20 के बाद वनडे टीम की कमान भी छीनी जा सकती है। भारत 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल फिर 2019 में 50 ओवर का वर्ल्ड कप और अब टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में भी विराट की ही कप्तानी में निराशाजनक तरीके से बाहर हुआ। हेड कोच रवि शास्त्री, बोलिंग कोच भरत अरुण सहित कई सपोर्ट स्टाफ के लिए भी यह टीम इंडिया के साथ आखिरी मुकाबला होगा।

# टीम इंडिया की टी20 विश्व कप से हुई जल्दी विदाई

क्रिकेट

## केएल राहुल और रोहित की जोड़ी को अलग करना दुखद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दुबई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि भारत आईसीसी की प्रतियोगिताओं में स्वच्छंद होकर नहीं खेलता। टी20 विश्व कप से टीम के जल्दी बाहर होने के मुख्य कारण वैकल्पिक योजना का अभाव और चयन से जुड़े मुद्दे रहे।

भारत को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से पहले दो मैच गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम यूएई में चल रहे टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई। हुसैन ने कहा, आपको मैदान पर उतरकर खुद को अभिव्यक्त करना होगा। उनके (भारत) पास प्रतिभा की कमी नहीं है। यह एकमात्र चीज हो सकती है जिससे भारत आईसीसी प्रतियोगिताओं में आगे नहीं बढ़ पाता। भारत को जिस तरह से स्वच्छंद होकर क्रिकेट खेलनी चाहिए, वे वैसी क्रिकेट नहीं खेलते क्योंकि वे काफी प्रतिभाशाली हैं।




भारत को अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। वह अगले मैच में न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हार गया था। न्यूजीलैंड की अफगानिस्तान पर जीत से भारत सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया था। बकौल हुसैन, मैंने उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार माना था। उन्होंने यहां आईपीएल खेला था और उनकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं। उन्हें पहले मैच में ही झटका लगा।

शाहीन अफरीदी ने पावरप्ले में जिस तरह से गेंदबाजी की। उनकी जिन दो गेंदों पर रोहित (शर्मा) और (केएल) राहुल आउट हुए, उन पर कई दिग्गज बल्लेबाज आउट हो सकते थे। उन्होंने कहा, कभी कभी भारतीय टीम के साथ ऐसी समस्या होती है। उनके शीर्ष क्रम में इतने अच्छे बल्लेबाज हैं कि उनके मध्यक्रम को बहुत अधिक मौका नहीं मिलता और अचानक आपको वैकल्पिक योजना की जरूरत पड़ती है जो वहां नहीं होती है। हुसैन ने कहा कि हार्दिक पंड्या को केवल बल्लेबाज के रूप में उतारने से टीम का संतुलन प्रभावित हुआ।

उन्होंने कहा, मैं भारत को एक बहुत ही प्रतिभाशाली टीम मानता हूं लेकिन कभी-कभी चयन के लिहाज से हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी का सिर्फ एक बल्लेबाज के रूप में खेलना टीम के संतुलन को बदल देता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ रोहित और राहुल से पारी का आगाज नहीं करवाना सही फैसला नहीं था। मैं कभी रोहित शर्मा और केएल राहुल को अलग नहीं करता। वे विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ युवा ईशान किशन को राहुल के साथ पारी की शुरुआत करने भेजा गया था जबकि रोहित तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे।

# क्रिकेटर राष्ट्रीय टीम से अधिक आईपीएल को देते हैं प्राथमिकता

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का मानना है कि देश के क्रिकेटर राष्ट्रीय टीम से अधिक आईपीएल को प्राथमिकता देते हैं तथा मौजूदा टी-20 विश्व कप के दौरान की गई गलतियों से बचने के लिए बेहतर कार्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी बीसीसीआई की है। भारत सुपर 12 में पहले दो मैच गंवाने के कारण टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया। न्यूजीलैंड ने रविवार को अफगानिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिससे भारत बाहर हो गया। कपिल ने कहा, 'जब खिलाड़ी देश के लिए खेलने से ज्यादा आईपीएल को प्राथमिकता देते हैं, तो हम क्या कह सकते हैं? खिलाड़ियों को अपने देश के लिए खेलने पर गर्व होना चाहिए। मुझे उनकी वित्तीय स्थिति का पता नहीं है इसलिए मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता।'



आईपीएल का आयोजन टी-20 विश्व कप से ठीक पहले किया गया था। कोविड-19 महामारी के कारण बीसीसीआई ने इतना व्यस्त कार्यक्रम तैयार किया। कपिल ने कहा, मुझे लगता है कि पहले राष्ट्रीय टीम और फिर फ्रेंचाइजी होनी चाहिए। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वहां (आईपीएल) क्रिकेट न खेलें, लेकिन बेहतर योजना तैयार करने की जिम्मेदारी अब बीसीसीआई पर है।'

कपिल ने इसके साथ ही कहा कि आईपीएल के दूसरे चरण और टी20 विश्व कप के बीच में अंतर होना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'इस टूर्नामेंट में हमने जो गलतियां की हैं, उन्हें नहीं दोहराना हमारे लिये सबसे बड़ी सीख होगी। यह भविष्य पर गौर करने का समय है। आपको तुरंत योजना तैयार करनी शुरू कर देनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि विश्व कप खत्म हो गया है तो भारतीय टीम का पूरा क्रिकेट भी खत्म हो गया है। जाओ और योजना तैयार करो।'

## अब टी20 सीरीज के लिए इन खिलाड़ियों को दिया जाएगा आराम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। टी20 वर्ल्डकप से टीम इंडिया का सफर समाप्त हो गया, क्योंकि टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। नामीबिया के खिलाफ आखिरी लीग मैच में खेलने के बाद भारतीय खिलाड़ी स्वदेश लौट आएंगे और इस बीच अगले अभियान के लिए जुट जाएंगे। टीम इंडिया का अगला मिशन न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के साथ शुरू हो रहा है, जिसमें प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा।

एक रिपोर्ट की मानें तो विराट कोहली, केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन और रिषभ पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 घरेलू सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है। ये सभी खिलाड़ी मार्च से बायो-बबल का हिस्सा हैं। आइपीएल 2021 के पहले हाफ के बाद सभी खिलाड़ी इंग्लैंड गए थे, जहां टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज खेली गई थी। इसके बाद आइपीएल और फिर टी20 विश्व कप के बबल में इन खिलाड़ियों को रहना पड़ा था।

## न्यूज डायरी



### पीवी सिंधु को पद्म भूषण पुरस्कार पारम्परिक साड़ी में नजर आईं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। स्टार भारतीय शटलर और दो बार की ओलिंपक मेडलिस्ट पीवी सिंधु को देश के सर्वोच्च पद्म पुरस्कार से नवाजा गया। साड़ी पहनकर राष्ट्रपति भवन पहुंचीं सिंधु को महामहिम रामनाथ कोविंद ने पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी विशेष रूप से मौजूद थे। 5 जुलाई 1995 को जन्मीं सिंधु ने 2019 में वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती थी। यह कारनामा करने वाली वह देश की पहली शटलर भी थीं। साल 2016 रियो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल हासिल करने के बाद बीते साल तोक्यो 2020 ओलिंपिक खेलों में उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। इससे पहले 2015 में उन्हें पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है। सिंधु के अलावा भारत की छह बार की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर एमसी मैरीकॉम को भी पद्म विभूषण मिला। दिल्ली में 119 पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### 24 साल के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाएगी ये टीम, बोर्ड ने कर दिया एलान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पिछले महीने उस समय झटका लगा था जब न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान जाने के बाद भी दौरा रद्द कर दिया था। हालांकि, अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी के लिए अच्छी खबर ये है कि आस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान दौरे के लिए हामी भर दी है और इस दौरे की पुष्टि भी कर दी है। पाकिस्तान के दौरे पर आस्ट्रेलिया की टीम को टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने हैं। तीन टेस्ट और 3 वनडे इंटरनेशनल और एक टी20 इंटरनेशनल मैच के लिए आस्ट्रेलिया की टीम अगले साल फरवरी में पाकिस्तान का दौरा करेगी। इस बात की पुष्टि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने की है। 24 साल की अनुपस्थिति के बाद आस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान के दौरे पर जाएगी। 1998 में आखिरी बार आस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान के दौरे पर गई थी और अब 2022 में कंगारू टीम पाकिस्तान की सरजमीं पर इंटरनेशनल क्रिकेट खेलेगी।

### पिछली सदी से खेल रहे, किस्मत पलटी तो पाक टीम में एंट्री

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) शारजाह। शोएब मलिक 39 वर्ष के हैं, लेकिन अब भी मैदान पर बने हुए हैं और पाकिस्तान के इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि फिटनेस के प्रति जुनूनी बनने से उनका अंतरराष्ट्रीय करियर इतना लंबा चल पाया है। मलिक पिछली सदी से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। उनकी टीम के कुछ साथियों का तब जन्म भी नहीं हुआ था, लेकिन उन्हें पाकिस्तानी टीम के सबसे फिट खिलाड़ियों में आंका जाता है और वह अब अपने दम पर मैच जीतने की काबिलियत भी रखते हैं। मलिक ने रविवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ 18 गेंदों पर 54 रन बनाकर फिर से अपना कौशल दिखाया, जिससे पाकिस्तान ने 72 रन से जीत दर्ज की। मलिक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो जब मैं आइना देखता हूं तो मेरे अंदर खुद को फिट रखने का जुनून पैदा होता है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मैं आज भी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं।

### ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा पाकिस्तान तो इंग्लैंड के सामने होगी न्यूजीलैंड

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। पाकिस्तान की टी-20 वर्ल्ड कप-2021 के सुपर-12 के एक मुकाबले में स्कॉटलैंड पर जीत के साथ ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का शेड्यूल तय हो गया है। ग्रुप-1 से इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जबकि ग्रुप-2 से पाकिस्तान ने पहले एंट्री ले ली थी। आज यानी रविवार को न्यूजीलैंड टीम ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराते हुए सेमीफाइनल एंट्री मारी और भारत का सफर खत्म कर दिया। सेमीफाइनल के शेड्यूल की बात करें तो ग्रुप-1 की टॉपर इंग्लैंड टीम पहले सेमीफाइनल में 10 नवंबर को न्यूजीलैंड के साथ अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम भिड़ेगी।